आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 21.02.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्लीं में भारत मंडपम में, स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप यानी सोल नेतृत्व सम्मेलन का उद्‌घाटन करेंगे।
- नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कल नई दिल्ली में पायलटों के लिए इलेक्ट्रॉनिक कार्मिक लाइसेंस–ई पी एल का शुभारंभ किया।
- सी बी एस ई बोर्ड ने परीक्षा प्रणाली में बढ़ा बदलाव करने की घोषणा की है।
- सांसद बिष्णु पद रे ने अट्टम पहाड़ में सौर ऊर्जा संयंत्र के पास क्षतिग्रस्त स्लुइस गेट की ओर मुख्य सचिव का ध्यान आकर्षित किया है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्लीं में भारत मंडपम में, स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप यानी सोल नेतृत्व सम्मेलन का उद्‌घाटन करेंगे। सम्मेलन में मुख्य संभाषण भूटान के प्रधानमंत्री दासो शेरिंग तोगबे का होगा। दो दिन के इस सम्मेलन में राजनीति, खेल, कला, मीडिया, आध्यात्म, लोकनीति, व्यापार और सामाजिक क्षेत्र से जुडी हस्तियां अपनी सफलता की गाथा साझा करेंगी।

<><><><><><><>

नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कल नई दिल्ली में पायलटों के लिए इलेक्ट्रॉनिक कार्मिक लाइसेंस–ईपीएल का शुभारंभ किया। इलेक्ट्रॉनिक कार्मिक लाइसेंस पायलटों के लिए लाइसेंसिंग और नवीनीकरण प्रक्रिया को सरल बनाएगा। श्री नायडू ने कहा कि भारत पायलटों के लिए ईपीएल शुरू करने वाला दुनिया का दूसरा देश बन गया है। उन्होंने कहा कि ईपीएल पायलटों के लिए लाइसेंसिंग परिचय पत्र तक वास्तविक समय पर पहुंच सुनिश्चित करेगा। श्री नायडू ने ईपीएल शुभारंभ की प्रशंसा करते हुए इलेक्ट्रॉनिक लाइसेंस को डिजिटल परिवर्तन, लाइसेंसिंग प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने और भारत के विमानन उद्योग में पायलटों को सशक्त बनाने का प्रमाण बताया।

उन्होंने कहा कि नागर विमानन मंत्रालय ने विमानन, हवाई अड्डों, संचालन और नियमों सहित हर पहलू में प्रौद्योगिकी को सम्मिलित किया है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते विमानन बाजारों में से एक बन गया है।

<><><><><><><>

केंद्र ने कल एक विशेष गैर–संक्रामक रोग–एन सी डी स्क्रीनिंग अभियान की शुरुआत की। अभियान का उद्देश्य तीस वर्ष और उससे ऊपर की आयु के सभी व्यक्तियों की पूरी तरह से स्क्रीनिंग करना है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य आम गैर–संक्रामक रोगों, जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, और तीन सामान्य कैंसर–मुंह, स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के लिए सभी व्यक्तियों की स्क्रीनिंग करना है। यह अभियान गैर–संक्रामक रोगों की समय रहते पहचान और उचित उपचार सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखता है।

<><><><><><><>

भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय और इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स, कोलकाता के सहयोग से उद्योग निदेशालय, ''अण्डमान फूड टेक'' कॉन्क्लेव का आयोजन करने जा रहा है। यह कार्यक्रम आज सुबह दस बजे होटल सिन्किलियर–बे व्यू में होगा। कार्यक्रम का उद्‌देश्य द्वीपो में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण चुनौतियों पर चर्चा की जाएगी।

<><><><><><><>

सी बी एस ई बोर्ड ने परीक्षा प्रणाली में बढ़ा बदलाव करने की घोषणा की है। दो हजार छब्बीस से दसवीं की बोर्ड परीक्षा वर्ष में दो बार आयोजित की जाएगी। इस नई व्यवस्था से छात्रों को अतिरिक्त अवसर मिलेगा और परीक्षा में तनाव भी कम होगा। बोर्ड का कहना है कि यह बदलाव बेहतर मूल्यांकन के लिए किया गया है।

<><><><><><><>

अंडमान कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2024–2025 के लिए बांगला विभाग के लिए अतिथि संकायों का एक पैनल तैयार किया जाएगा। अतिथि प्रवक्ताओं को प्रति व्याख्यान पन्द्रह सौ रुपये या अधिकतम पचास हजार रुपये प्रति माह का मानदेय दिया जाएगा।

प्रवक्ताओं की नियुक्ति पूरी तरह से अस्थायी आधार पर होगी। विस्तृत सूचना और आवेदन फार्म कॉलेज की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र, दस्तावेजों के साथ चौबीस फरवरी को दोपहर साढ़े तीन बजे तक अंडमान कॉलेज कार्यालय में जमा किए जा सकते है।

<><><><><><><>

मत्स्य निदेशालय द्वारा तैयार "अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के मत्स्य पालन के व्यापक विकास" पर मसौदा नीति के संबंध में टिप्पणियाँ और सुझाव जमा करने की अंतिम तिथि को अब बढ़ाकर अट्ठाईस फरवरी कर दी गई है। मसौदा नीति प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। टिप्पणियां और सुझाव मत्स्य निदेशालय को लिखित या ईमेल के माध्यम से जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

उच्च शिक्षा संस्थानों के छात्रों को सशक्त बनाने की दिशा में एक और कदम उठाते हुए, उद्योग निदेशालय ने उच्च शिक्षा संस्थानों के साथ मिलकर स्टार्टअप पिचिंग–2025 नामक एक कार्यक्रम का आयोजन किया। उद्योग निदेशालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों, उद्यमियों और युवाओं ने द्वीपों की वास्तविक जीवन की समस्याओं और समाधानों से संबंधित अपने विचारों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में छात्रों के बीच नवाचार और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया गया। इसमें विभिन्न कॉलेजों के विभिन्न विषयों के लगभग एक सौ बीस छात्रों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

आस्टिनाबाद के श्री मुत्थु मरियामन मन्दिर में वार्षिक पूजा महोत्सव का आयोजन हो रहा है। छब्बीस फरवरी तक चलने वाले इस महोत्सव में विशेष पूजा, भजन और आरती सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। महोत्सव में चौबीस फरवरी को श्रद्धालु पवित्र अग्नि पर चल कर शक्ति का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम दोपहर तीन बजे से शुरू होगा। पच्चीस फरवरी को दोपहर बारह अन्नदानम का आयोजन किया जाएगा और शाम साढ़े चार बजे मन्दिर से विशेष शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए मन्दिर परिसर में आकर समाप्त होगी।

<><><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में बाल यौन अपराधों की रोकथाम और मादक पदार्थो की दुरूपयोग पर कल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के राजनीतिक विज्ञान के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर न्यायिक मजिस्ट्रेट अनुपम सिरकार उपस्थित थे। इस जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य बाल यौन अपराधों की रोकथाम और मादक पदार्थों की दुरूपयोग पर लोगो को जागरूक करना था।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

अण्डमान निकोबार प्रशासन ने ग्रेट–निकोबार मेगा इन्फ्राइंस्ट्रक्चर परियोजना से जुड़े बुनियादी ढ़ांचे के लिए निविदाएं आमंत्रित करने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स ने अपनी बड़ी खबर बनाया है। उच्च शिक्षा संस्थानों के छात्रों को सशक्त बनाने की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए, उद्योग निदेशालय ने स्टार्टअप टिचिंग–दो हजार पच्चीस के आयोजन के समाचार को द्वीप समाचार ने पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है। शहर में जल संकट–जलस्रोतों के सुखने और रख–रखाव की कमी के चलते कचरा डम्पिंग यार्ड में परिवर्तित होने के समाचार को द अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने इस खबर को पहले पन्ने में प्रकाशित किया है। सांसद बिष्णु पद रे के दक्षिण अंडमान के अट्टम पहाड़ में सौर ऊर्जा संयंत्र के पास क्षतिग्रस्त स्लुइस गेट की ओर मुख्य सचिव का ध्यान आकर्षित करने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया ने प्रथम पृष्ठ में प्रकाशित किया है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बम्बूफ्लाट में स्कूली बच्चों के लिए शतरंज कार्यक्रम शुरू होने के समाचार को–इंफो इंडिया ने अपने पहले में जगह दी है।

<><><><><><><>